21 JANUARY 2017 WEEKEND Business Standard

# Vipul Limited

Vipul

**CIN:** L65923DL2002PLC167607

**Regd. Off:** Regus Rectangle, Level 4, Rectangle 1, D-4, Commercial Complex, Saket, New Delhi-110017

**Corp Office:** Vipul TechSquare, Golf Course Road, Sector -43, Gurgaon-122009

**Web:** www.vipulgroup.in ; **Phone:** 0124-4065500

**NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT :**

- **Intimation under SEBI (LODR) Regulations, 2015**

  In terms of SEBI (LODR) Regulations, 2015, we are pleased to apprise you that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, February 13, 2017 inter-alia to consider and take on record Un-Audited Financial Results of the Company for the third quarter and nine month ended on December 31, 2016 (Third Quarter).

- **Closure of Trading Window**

  As per the Company's Code of Conduct for prevention of Insider Trading, the Trading Window for dealing in the Securities of the Company shall remain closed closed starting from Wednesday, February 1, 2017 till 48 hours after the announcement of the results for the 3rd Quarter ended December 31, 2016 on Monday, February 13, 2017.

Further, a copy of the notice will be made available on the website of the Company i.e. **www.vipulgroup.in**

By Order of the Board
For **Vipul Limited**
Sd/-
Vivek Chaudhary
Company Secretary

**Date : January 19, 2017**
**Place : Gurgaon**

**एशियन होटल्स (नॉर्थ) लिमिटेड**

ASIAN HOTELS

सीआईएनः L55101DL1980PLC011037
पंजीकृत कार्यालयः भीकाजी कामा प्लेस, एम. जी. मार्ग, नई दिल्ली–110066
फोनः 011 66771225 / 1226, फैक्सः 011 26791033
ई-मेलः investorrelations@ahlnorth.com
वेबसाईटः www.asianhotelsnorth.com

**सूचना**

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सूचीकरण विनियम) के विनियम 47(1)(ए) के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक रविवार, 5 फरवरी 2017 को अन्य विषयों के अतिरिक्त, 31 दिसम्बर 2016 को समाप्त तृतीय तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने हेतु आयोजित की जाएगी। सूचिकरण विनियम के विनियम 47(2) के अनुपालन में उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी की उपरोक्त वेबसाइट तथा बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

एशियन होटल्स (नॉर्थ) लिमिटेड के लिए
दिनेश कुमार जैन
वाईस प्रेसिडेन्ट (कॉर्पोरेट)
एवं कम्पनी सचिव
स. संख्या एफसीएस - 6224

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 20.01.2017

**निविदा सूचना**

एअर इंडिया AIR INDIA

एअर इंडिया लि. **निविदा सं. एमएमडी/एसीडीयू/निविदा/243** के लिए निविदाएँ आमंत्रित करता हैः
**विवरणः** मुंबई से नागपुर ए/सी इंजन के ढुलाई हेतु अनुबंध। **निविदा मूल्यः** ₹1.20 करोड़ लगभग, **अंतिम तिथि/समयः** 07.02.2017/1500 बजे तक
निविदा दस्तावेज का विवरण हमारी वेबसाइट **www.airindia.in** पर देखा/से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी जिज्ञास समाधान के लिए कृपया श्री पी.वी. कुलकर्णी को फोन नं. 022 8318647 पर संपर्क करें या **pv.kulkarni@airindia.in** पर ईमेल करें।

**नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड**

सीआईएनः L92111DL1988PLC033099
पंजीकृत कार्यायलः 207, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, फ़ेज–III, नई दिल्ली–110020
फोनः (91–11) 4157 7777, 2644 6666 फैक्सः (91–11) 4986 2990
ई-मेलः corporate@ndtv.com; वेबसाईटः www.ndtv.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सुचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) नियमावली, 2015 की नियमावली 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक शुक्रवार, 10 फरवरी, 2017 को आयोजित की जाएगी जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, कम्पनी के 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं उन्हें अनुमोदित किया जाएगा।
इस सूचना के संबंध में जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.ndtv.com एवं स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
नवनीत रघुवंशी
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 20 जनवरी, 2017

**इंडियन ओवरसीज बैंक**

न्यू राजेंद्र नगर शाखा, जे–400, न्यू राजेंद्र नगर, नई दिल्ली–110060
फोन : 011–28741461, 2745756 ई–मेल : iob034@iob.in

**शुद्धिपत्र**

कृपया **मैसर्स कुंदनवाला ज्वैलर्स प्रा. लि.** के संबंध में 16.01.2017 को इस समाचारपत्र में प्रकाशित **मांग सूचना** का संदर्भ लें। कृपया मांग सूचना को नीचे दिए गए सुधारों के साथ पढ़ें :
1. पहली पंक्ति में : ऋणी के लिए : मैसर्स कुंदनवाला ज्वैलर्स प्रा. लि. को **ऋणी के लिए : 1. मैसर्स कुंदनवाला ज्वैलर्स प्रा. लि.** के रूप में पढ़ा जाए।
2. चौथी पंक्ति में : गारंटरः श्री राजेश कुमार वर्मा को **गारंटरः 2. श्री राजेश कुमार वर्मा** के रूप में पढ़ा जाए।
3. पांचवी पंक्ति में : श्रीमती कंचन वर्मा को **3. श्रीमती कंचन वर्मा** पढ़ा जाए।
4. छठी पंक्ति में : महोदय की जगह **महोदय/महोदया** पढ़ा जाए।
5. पहले बिंदु में : तालिका का 5वां कॉलम : 31.12.2015–27.12.2016 तक कुल देय* को **27.12.2016 तक कुल देय*** के रूप में पढ़ा जाए।
6. पहले बिंदु में : दूसरी अंतिम पंक्ति : क्र 2 और 3 की बजाय **क्र सं. 2 और 3** पढ़ा जाए।
7. दसवें बिंदु में, तीसरी पंक्ति : शुरू करना के बजाय **शुरू** पढ़ा जाए

सूचना दिनांक : 16.01.2017 के अन्य सभी विवरण समान रहेंगे।
**स्थान : नई दिल्ली, दिनांक : 20.01.2017** **प्राधिकृत अधिकारी**

**विपुल लिमिटेड**

**CIN:** L65923DL2002PLC167607
**पंजी. कार्या.:** रेगस रेक्टेंगल, लेवल 4, रेक्टेंगल 1, डी–4, कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, साकेत, नई दिल्ली–110017
**कॉर्पो.कार्यालयः** विपुल टेकस्कवायर, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–43, गुड़गांव–122009
**वेब :** www.vipulgroup.in फोन : 0124–4065500

**एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :**

- **सेबी (एलओडीआर) विनियमों, 2015 के अंतर्गत सूचना**
सेबी (एलओडीआर) विनियमों, 2015 के संबंध में, हमें बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 31 दिसंबर, 2016 (तीसरी तिमाही) को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ माह के लिए कंपनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने के साथ रिकॉर्ड में लेने के लिए सोमवार, 13 फरवरी, 2017 को आयोजित की जाएगी।
- **ट्रेडिंग विंडो का बंद होना**
इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए कंपनी की आचार संहिता के अनुसार, कंपनी की प्रतिभूतियों में डीलिंग के लिए ट्रेडिंग विंडो बुधवार, 1 फरवरी, 2017 से शुरू होकर सोमवार, 13 फरवरी, 2017 को 31 दिसंबर, 2016 को समाप्त तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा के बाद 48 घंटों तक बंद रहेगी।
इसके अतिरिक्त, सूचना की कॉपी कंपनी की वेबसाइट अर्थात् **www.vipulgroup.in** पर भी उपलब्ध होगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
**विपुल लिमिटेड** के लिए
हस्ता./–
विवेक चौधरी
कंपनी सचिव

**दिनांक : 19 जनवरी, 2017**
**स्थान : गुड़गांव**

**परिशिष्ट 4**
देखें नियम 8(1)
**दखल सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लि. (CIN: L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 (54 ऑफ 2002)] के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदारों **श्री / श्रीमती जेरी सिंह सेठी** और **राजिन्दर कौर सेठी** को **24.10.2016** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLEOK00066585** की राशि रू. **18,16,037/- (रूपये अठारह लाख सोलह हजार सैंतीस मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर **24.10.2016** के अनुसार **@ 13.05%** प्रति वर्ष की दर से भावी ब्याज के साथ **25.10.2016** से प्रभावी होकर भुगतान की वास्तविक तिथि तक चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एततद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13(4) के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.01.2017** को संम्पति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत सम्पति / सम्पतियो को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आकर्षित किया जाता है ।
विशेषतः कर्जदारों और सामान्यतः जनता को एतद्द्वारा संम्पति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संम्पति के साथ कोई भी सौदा की राशि रू.**18,16,037/- (रूपये अठारह लाख सोलह हजार सैंतीस मात्र) 24.10.2016** के अनुसार **@ 13.05%** प्रति वर्ष की दर से भावी ब्याज के साथ **25.10.2016** से प्रभावी होकर भुगतान की वास्तविक तिथि तक की धनराशि पर **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लि.** के आधीन होगा.

**अचल संपत्ति का ब्यौरा**
**संपत्ति हैः प्लोट नं. ईए-1/23, तिसरी मंजिल, रूफ राईटस के साथ, इंदरपुरी, नई दिल्ली -110012. (अधिक विस्तृत वर्णन जुडें हुए अनुसूची ए में दिया गया है)**

**अनुसूची - ए**
**(सुरक्षित संपत्ति का वर्णन)**
**संपूर्ण तिसरी मंजिल टैरेस रूफ राईटस के साथ, मापित 204.1/6 स्के. यार्डस वाली संपत्ति, संपत्ति बेअरींग नं. ईए-1/23 का आनुपातिक अविभाजित अविभाज्य और अविभाज्य स्वामित्व अधिकार के साथ, गाँव नारायण क्षेत्र में अधिकृत कालोनी इंद्रपूरी की आबादी में, नई दिल्ली -110012, जो निम्मनुसार परिबध्द है ।**

**उत्तर से - 30' चौड़ा रोड** **दक्षिण से - लेन 10' चौड़ा**
**पूर्व से - लेन 10' चौड़ा** **पश्चिम से - प्लोट बेअरींग नं. ईए -1/24**

Sd/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लि.**

**दिनांक : 19.01.2017**
**स्थान : नई दिल्ली**

### नोटबंदी पर लोक लेखा समिति ने रिजर्व बैंक के गवर्नर को फिर बुलाया

# पटेल के जवाब से नाखुश समिति

**बीएस संवाददाता**
नई दिल्ली, 20 जनवरी

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) नोटबंदी को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर के जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। समिति ने सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के लिखित जवाब 2 सप्ताह के भीतर देने को कहा है।

सूत्रों के मुताबिक पटेल ने इस सवाल का साफ जवाब नहीं दिया कि नोटबंदी की पहल किसने की, कितनी नकदी बैंकों के पास आई और नकदी की आपूर्ति की स्थिति कब तक सामान्य हो जाएगी। उनसे समिति के सामने फिर से पेश होने को कहा गया है।

पटेल ने बार बार कहा कि रिजर्व बैंक पुराने नोटों को गिन रहा है, जो 10 नवंबर से 30 दिसंबर के बीच बैंकों में जमा हुआ है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि जल्द ही रिजर्व बैंक शुरुआती आंकड़े जारी करेगा, जबकि अंतिम आंकड़े आने में अभी वक्त लगेगा।

इसके पहले बिजनेस स्टैंडर्ड ने खबर दी थी कि नोटबंदी वाली 500 और 1,000 रुपये की 14.5 लाख करोड़ या कुल 15.4 लाख करोड़ रुपये का 94 प्रतिशत 30 दिसंबर तक बैंकों में जमा हो गया है।



**तीखे सवालों के सीधे नहीं दिए जवाब**

- समिति ने सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के लिखित जवाब 2 सप्ताह के भीतर देने को कहा है
- पटेल ने यह जवाब नहीं दिया कि नोटबंदी की पहल किसने की, कितनी नकदी बैंकों के पास आई

नोटबंदी के असर पर आगे और स्पष्टता के लिए पीएसी वित्त मंत्रालय के कुछ प्रमुख अधिकारियों– वित्त सचिव अशोक लवासा, आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकांत दास, राजस्व सचिव हसमुख अधिया और वित्तीय सेवा सचिव अंजुलि छिब दुग्गल से भी पूछताछ करेगी, जो 20 फरवरी को समिति के सामने पेश होंगे।

8 नवंबर 2016 को नोटबंदी के बाद नकद निकासी सीमा लगाए जाने के फैसले का बचाव करते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा, 'निकासी की सीमा नोटों की उपलब्धता, इसके पहले के उपयोग के तरीके और आम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तय की गई थी, जिससे लोगों को कम से कम दिक्कत हो।' सरकार ने एटीएम से नकद निकासी की सीमा बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रतिदिन कर दी है, लेकिन साप्ताहिक 24,000 रुपये निकासी की सीमा नहीं बदली गई है।

अपने लिखित जवाब में पटेल ने कहा है कि पहले लोग प्रति सप्ताह 12,000 या 13,000 रुपये निकालते थे और महीने में कुल निकासी 50,000 रुपये होती थी। एक मौखिक प्रतिक्रिया में पटेल ने कहा कि केंद्रीय बैंक कुछ ऑनलाइन भुगतान सेवा प्रदाताओं के संपर्क में था, जिससे लेन देन की लागत कम की जा सके।

जब एक सदस्य ने पूछा कि नोटबंदी के एक दिन के भीतर सहकारी बैंकों में जमा कैसे करीब 6 गुना बढ़ गई, पटेल ने कहा कि रिजर्व बैंक इस मामले की जांच कर रहा है। जब एक सदस्य ने एनआरआई को पुराने नोट दूतावासों में जमा करने की सुविधाएं दिए जाने के बारे में सवाल पूछा तो पटेल ने कहा कि वह इस मामले पर विचार करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक विपक्षी सदस्यों ने पटेल से अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब होने, नौकरियां जाने और इसके चलते 100 से ज्यादा लोगों की मौतों को लेकर तमाम सवाल पूछे। एक सदस्य ने कहा, 'उन्होंने (पटेल) कहा कि समस्याएं हुई होंगी, लेकिन हम उन दिक्कतों को दूर करेंगे।' एक अन्य सदस्य ने कहा, 'पटेल ने कहा कि नोटबंदी के लाभ मध्यावधि व लंबी अवधि में नजर आएंगे।'

विपक्षी सदस्यों ने जहां पटेल से ढेरों पूछताछ की, वहीं भाजपा सदस्यों ने नोटबंदी और उसकी गोपनीयता बरकरार रखने के लिए उनकी प्रशंसा की। इसे लेकर विपक्षी सदस्यों ने मजाक भी बनाया और कहा कि रिजर्व बैंक के प्रमुख के लिए आपलोगों को सदन में धन्यवाद ज्ञापन करना चाहिए।

# स्मार्ट मीटरों के लिए आएगी बड़ी निविदा

**श्रेया जय**
नई दिल्ली, 20 जनवरी

**केंद्र** सरकार की उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) में शामिल होने के लिए 21 राज्यों ने सहमति जता दी है, जिससे राज्य की बिजली वितरण कंपनियों की स्थिति ठीक हो सके। अब केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय इन राज्यों के लिए 'स्मार्ट मीटर' खरीदने की तैयारी में है और इसके लिए बड़ी निविदा जारी की जाएगी।

इस मसले पर राज्य सरकारों व उद्योग से से बातचीत चल रही है कि इस दिशा में किस तरह से आगे बढ़ा जाए। सूत्रों ने कहा कि मसौदा सेवा मॉडल के मुताबिक निविदा में सफल कंपनी उस इलाके में विकास, स्वामित्व व परिचालन का काम करेगी और आखिरी छोर पर बिजली वितरण व बुनियादी ढांचा प्रबंधन का काम करेगी।

ऊर्जा क्षेत्र

एक अधिकारी ने नाम न दिए जाने की शर्त पर कहा, 'लागत घटाने के लिए सरकार बड़े निविदा जारी करेगी। कॉन्ट्रैक्टर लागत का बोझ वहन करेगा और राज्य इसका मासिक किस्तों में भुगतान करेंगे। निजी कॉन्ट्रैक्टरों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार लीजिंग फाइनैंस मॉडल अपनाएगी और ब्याज दरों को भी लागत में शामिल किया जाएगा।' सरकार का मानना है कि इस योजना में बड़ी घरेलू व वैश्विक कंपनियां शामिल होंगी। एक अधिकारी ने कहा कि निविदा को अंतिम रूप दिए जाने के लिए बजट के बाद अगले महीने में बैठक होगी। स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली मंत्री पीयूष गोयल मुखर रहे हैं और उन्होंने हर मकान में स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर बल दिया है, जिससे बिजली के इस्तेमाल पर नजर रखी जा सके और उसकी बर्बादी को रोका जा सके। उन्होंने इस माह की शुरुआत में कहा था, 'हमने मीटर विनिर्माताओं से मल्टी टास्किंग स्मार्ट मीटर तैयार करने को कहा है, जिसमें बिजली की खपत के अलावा विभिन्न उपकरणों में बिजली के इस्तेमाल का ब्योरा हो।'

उदय योजना के तहत किसी पैकेज या वित्तपोषण का प्रावधान नहीं है। ऐसे में केंद्र सरकार मीटरों के लिए कोई धन मुहैया नहीं कराएगी। उदय सुधार योजना में बिजली वितरण कंपनियों का वित्तीय बोझ कम करने के साथ ही परिचालन कुशलता और पारेषण व वाणिज्यिक हानि को कम करने का भी लक्ष्य रखा गया है। 2018–19 तक हर राज्य में पारेषण हानि मौजूदा स्तर से 15 प्रतिशत नीचे लाया जाना है।

# केंद्र सरकार के बगैर बंगाल में वैश्विक निवेश सम्मेलन

**अभिषेक रक्षित और ईशिता आयान दत्त**
कोलकाता, 20 जनवरी

**नोटबंदी** के मुखर विरोध के बाद ममता बनर्जी को आज केंद्र सरकार ने अलग थलग कर दिया। बंगाल वैश्विक कारोबारी सम्मेलन के दूसरे कार्यक्रम के विपरीत इस साल हुए कार्यक्रम के मौके पर कोई भी केंद्रीय मंत्री मौजूद नहीं रहा। साथ ही भारत के कारोबारी जगत कुछ दिग्गज भी कार्यक्रम से नदारद रहे।

इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले बंगाल के कारोबारी समुदाय प्रमुख लोगों में इपोनिमस ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका, अंबुजा नेवतिया समूह के चेयरमैन हर्षवर्षन नेवतिया उपस्थित रहे। बाहर के राज्यों के कारोबारियों में भारतीय इंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष राकेश भारती मित्तल, फ्यूचर समूह के संस्थापक और समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी किशोर बियाणी, हीरो साइकिल और ओपी मुंजाल समूह के चेयरमैन पंकज मुंजाल और भारत होटल्स की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ज्योत्सना सूरी शामिल हुए। सूरी और मित्तल पिछले साल भी शामिल हुए थे, लेकिन भारत के कारोबारी जगत से आने वाले लोगों की पिछले साल की सूची लंबी थी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, जेएसडब्ल्यू स्टील समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल, हीरानंदानी के सह संस्थापक और प्रबंध निदेशक निरंजन हीरानंदानी, एस्सेल समूह के चेयरमैन सुभाष चंद्रा भी शामिल थे।

पिछले साल केंद्र सरकार के मंत्री भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जिसमें वित्त मंत्री अरुण जेटली, कोयला, बिजली और अक्षय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रेल मंत्री सुरेश प्रभु भी उपस्थित थे। इस बार इनमें से कोई भी शामिल नहीं हुआ। जेटली ने राज्य सरकार का आमंत्रण स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में पीछे हट गए। प्रभु ने उत्तर बंगाल में कुछ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई लेकिन इस कार्यक्रम में नहीं गए।



**बंगाल वैश्विक कारोबारी सम्मेलन में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व अन्य** *-पीटीआई*

केंद्र व राज्य के संबंध उस समय खटाई में पड़ गए, जब नोटबंदी हुई और इसका बनर्जी ने न सिर्फ बंगाल बल्कि देश भर में कड़ा विरोध किया। सम्मेलन में बनर्जी ने कहा कि नोटबंदी से छोटे उद्योग, कारोबारी और किसान पीड़ित हैं, लेकिन यह उनके भाषण का आधार नहीं था।

बनर्जी ने बंगाल में निवेश की वकालत की और यहां सस्ते श्रम, पूर्व के मार्ग व भूमि बैंक का हवाला दिया। उन्होंने कहा, 'हम अतिरिक्त बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। हमारी स्पष्ट नीति है, जिससे 15 दिन के भीतर भूमि का नामांतरण हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'हमें परिवार के सदस्य की तरह मानें, बंगाल को अपने राज्य की तरह समझें।'

बहरहाल इस सम्मेलन में केंद्र सरकार का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। कार्यक्रम में आए भारत के राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने 'सहयोगात्मक संघवाद' की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब मुझे आमंत्रण मिला तो मैंने देश गणतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में सोचा कि क्या मैं राज्य के कार्यक्रम में शामिल हो सकता हूं, लेकिन उसके बाद सोचा कि भारत एक संघीय देश है।

अगर निवेश की बात करें तो ज्यादातर वायदे ही थे। संजीव गोयनका ने कहा कि उनका समूह एफएमसीजी उद्योग में 10,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा। गेल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बीसी त्रिपाठी ने कहा कि कंपनी अगले ढाई साल में दुर्गापुर हल्दिया कोलकाता गैस पाइपलाइन और सिटी गैस सप्लाई योजना में 6,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी। बहरहाल ये परियोजनाएं नए प्रस्ताव नहीं हैं। बियाणी परिधान विनिर्माण केंद्र विकसित करना चाहते हैं। वहीं हीरो समूह ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल में 30 लाख साइकिलें बनाने की क्षमता वाले पैडल व इलेक्ट्रिक साइकिल संयंत्र की स्थापना करेगा।

### शीर्ष न्यायालय ने 1538 पोंजी मामलों की जानकारी मांगी

**एजेंसियां**
नई दिल्ली, 20 जनवरी

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र सरकार व भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से प्रतिबंधित पोंजी योजनाओं के 1538 मामलों की जानकारी मांगी है, जिन्हें जांच के लिए अन्य एजेंसियों को सौंपा गया है। मुख्य न्यायधीश जेएस खेहर और न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड ने सरकार व बाजार नियामक से पूछा है कि वह इन मामलों और उनके सिलसिले में अब तक की गई कार्रवाई ब्योरा दाखिल करें। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल मनिंदर सिंह ने कहा कि सेबी ने 299 इकाइयों के खिलाफ अंतरिम आदेश जारी किया है, जिसमें 76 सामूहिक निवेश योजनाएं (सीआईएस) और 233 डीम्ड पब्लिक इश्यू (डीपीआई) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 1,000 से ज्यादा मामले सेबी के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते और उसे संबंधित अन्य एजेंसियों के पास भेजा गया है।

# गिफ्ट सिटी में कारोबार के मानक सरल

**राजेश भयानी**
मुंबई, 20 जनवरी

**गिफ्ट** सिटी के अंतरराष्ट्रीय वित्त सेवा केंद्र (आईएफएससी) में कारोबार शुरू करने को इच्छुक कंपनियों के लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने दो अधिसूचनाओं के माध्यम से बड़ी राहत दी है, जिससे कारोबार की राह और आसान होगी। गुजरात इंटरनैशनल फाइनैंस टेक सिटी या गिफ्ट गुजरात के अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच 360 हेक्टेयर में बन रहा है। इसका मकसद वित्त और इन्फोटेक कंपनियों को अन्य जगहों से यहां आकर्षित करना है।

सरकार की ओर से दी गई छूट में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के लिए फंड रखने से 5 साल की छूट, निदेशकों की नियुक्ति के आसान मानक, ऑडिट एवं अन्य अनुपालन शामिल है। यहां आने या न आने के फैसले के पहले कुछ कंपनियां खासकर विदेशी कंपनियां कंपनी अधिनियम में कुछ छूट दिए जाने का इंतजार कर रही थीं। सार्वजनिक व निजी कंपनियों के लिए दो अधिसूचनाएं अधिनियम की धारा 462 के तहत जारी की गई हैं। आईएफएससी में कंपनियों को रिटर्न दाखिल करने, फार्मों, बोर्ड रिपोर्टों, शेयरधारकों की बैठक आयोजित करने, होल्डिंग कंपनी के ढांचे और प्रमुख प्रबंधकीय पदों के मामलों में भी प्रशासनिक लचीलेपन की सुविधा दी गई है।

गिफ्ट सिटी

आईएफएससी में सार्वजनिक कंपनियों को महिला निदेशक और स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति को लेकर भी छूट दी गई है। जे सागर एसोसिएट्स के पार्टनर नितिन पोद्दार ने कहा कि एक कानूनी ढांचा बनाया गया है, जो भारत में कॉरपोरेट अनुपालन को आसान बनाएगा।

## बीएस सूडोकू 2720 | परिणाम संख्या 2719

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 9 | | | | |
| 9 | | | | | | | 5 | 7 |
| | 7 | | 3 | | | | | |
| 5 | | | | | | | 6 | 1 |
| 6 | | 2 | 8 | | 1 | 9 | | 5 |
| 7 | 9 | | | | | | | 8 |
| | | | | | 3 | | 4 | |
| 8 | 6 | | | | | | | 9 |
| | | | | 2 | | 1 | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 6 | 7 |

**कैसे खेलें?**
हर रो, कॉलम और 3 बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

**आसान**
★★☆☆☆

### बैंक कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**बैंकों** की ट्रेड यूनियनों के एक वर्ग ने 7 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। बैंक कर्मचारियों ने नोटबंदी की अवधि के दौरान लगाए गए अंकुशों को हटाने तथा भारतीय रिजर्व बैंक की स्वायत्तता को संरक्षित रखने की अपनी मांग के समर्थन में हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। ऑल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा, 'ऐसी उम्मीद थी कि सरकार और रिजर्व बैंक बैंकों और जनता के समक्ष आ रही दिक्कतों को हल करने के लिए कदम उठाएंगे, लेकिन अभी भी नकदी संकट की स्थिति बनी हुई है। *भाषा*

## क्षेत्रीय मंडियों के भाव

दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

**दिल्ली**
अनाज : गेहूं म.प्र. (देशी) 2750-3050, गेहूं दड़ा (मिल के लिए) 2030-2040, चक्की आटा (डिलिवरी) 2050-2080, आटा राजधानी (10 किग्रा) 285, शक्तिभोग (10 किग्रा) 285, रोलर फ्लोर मिल 1140-1150 (50 किग्रा), मैदा 1200-1210 (50 किग्रा), सूजी 1270-1275 (50 किग्रा), बासमती चावल लाल किला 10700, श्रीलाल महल 11300, सूपर बासमती चावल 9700, बासमती कॉमन नई 6400-6500, चावल पूसा (1121) 5100-6200, परमल कच्चा 2050-2075, परमल वैन्ड 2150-2200, सेला 2800-2900, चावल आईआर-आठ 1850-1860, बाजरा 1430-1470, ज्वार पीला 1750-1800, सफेद 3500-3700, मक्का 1600-1610, जौ 1800-1820, दलहन : उड़द 6600-7600, उड़द छिलका (स्थानीय) 6900-7000, बेहतरीन 7000-7500, धोया 7400-7700, मूंग 5000-5200, दाल मूंग छिलका (स्थानीय) 5500-5700, मूंग धोया स्थानीय 6100-6600, बेहतरीन क्वालिटी 6600-6800, मसूर छोटी 5000-5150, बोल्ड 5050-5250, दाल मसूर स्थानीय 5400-5900, बेहतरीन क्वालिटी 5500-6000, मलका स्थानीय 5700-5900, बेहतरीन 5800-6000, मोठ 3700-4100, अरहर 5050, दाल अरहर दड़ा 6900-8700,

**कानपुर**
गेहूं 1980/2000, जौ 1800/1815, चावल मसूरी 2100/2150, चावल मोटा 1850/1950, सरसों 3850/3925, तिल सफेद 6700/6750, सोया (टीन) 1200/1210, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन)1450/1500, सरसों खल 2175/2200, पामोलिन 1180/1190, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1230/1250, अलसी खल 3300/3350

**लखनऊ**
अनाज एवं दाल-दलहनः गेहूं दड़ा 2000/2010, गेहूं शरबती 2750/2925, चावल सेला शरबती 3100/3400, लालमती 2500/2600, चावल (सोना) 2150/2200, दाल अरहर सवा नं. 6100/625

**चंदौसी**
(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1065, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.) 1175, फ्लैक 1135, डीएमओ 810, टरपीन लैस बोल्ड 1210

**मुजफ्फरनगर**
गुड़ (40 किलो): चाकू 1175/1225, खुरपा 1160/1185, लड्डू 1200/1230, रसकट 1020, शक्कर 1225/1230, चीनी मिल डिली. (क्विं.) (उत्पादन कर सहित): शामली 3890, टिकोला 3890, अफजलगढ़ 3875, धामपुर 3880, चीनी हाजिर 3950/4050

**हापुड़**
गुड़-चीनी: चीनी हाजिर 3900/4000, गुड़ (प्रति क्विं.) बाल्टी 2800/2850, तिलहनः सरसों (42 प्रतिशत कंडी.) 4150, खलः सरसों 2150/2250, बिनौला 2500/2600, चना छिलका 2500/2600, चोकर मोटा (34 किलो) 620

**जयपुर**
अनाजः चावल डीबी 5375/5500, गेहूं (मिल) 1980/2000, मक्की 1565/1580, बाजरा 1450/1460, जौ 1775, ग्वार लूज 3125/3200, ज्वार कैटलफीड 2400/2500, ज्वार बेस्ट क्वालिटी 3475/3500, तेल-तिलहनः सरसों 4700, सरसों एक्सपेलर निवाई 8200, कोल्हू कच्ची घानी टोंक 9250, राइसब्रान डिऑयल्ड कंटीन्यूअस 8800, बिनौला खल जयपुर 2930/2950, आदिलाबाद 2940/2950, खामगांव 2890/2920, खंडवा 2950/2970, डीओसी (टन): सरसों जयपुर 20900, कोटा 20950, अलवर 20950, निवाई 20950

**श्रीगंगानगर**
गेहूं (पेड) 1885/1900, ग्वार (ढेरी) 3200, जौ (पेड) 1825/1830, सरसों लूज 3825/3900, बिनौला खल 2400/2550

**जोधपुर**
गेहूं 1900/1910, जौ 1880/1900, पोपकोन मक्की 4725/4775, ग्वार डिलीवरी (ऑलपेड)3150/3200, ग्वारगम 6100/6200

**खन्ना**
कर रहित (प्रति क्विं): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट) 103, राइसब्रान (अखाद्य) 102, खल सरसों 2100, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 860, लाल 860, कंटीन्यूअस 900, सरसों (टन) 18000, सूरजमुखी (टन) 19900/20000

**फाजिल्का**
सरसों 3800/3850, रुई (प्रति मन): (जे-34)2250/2275, कपास देशी 1875/1900, कपास नरमा (क्विं.) 5800/5900, बिनौला (टैक्सपेड): खल 2500/2550, जे-34 (चिलकी) 2800/2825 *भाषा/एनएनएस*